तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

12 पुलिस ने निकाली हेलमेट जागरुकता रैली



13 प्रकाश उत्सव पर सिक्ख समाज ने निकाला नगर कीर्तन





## खबर संक्षेप

### मेघा में गुहा जयंती आज

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहाराज निषाद की जयंती 16 जनवरी मंगलवार को धूमधाम से मनाई जायेगी। रात्रि में कसावाही बालोद जिला का नाचा रखा गया है। यह जानकारी तुलेश निषाद ने दी है।

### देवपुर में गुहा निषाद राज जयंती आज

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पॉली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर द्वारा 16 जनवरी मंगलवार को राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 11 बजे भक्त गुहा निषाद राज जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी पॉली महासचिव नील कुमार निषाद ने दी है।

### खर्रा में मड़ई 23 को

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में रिद्धि सिद्धि गणेशोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 जनवरी मंगलवार को मड़ई रखी गई है। रात्रि में महतारी के अंछरा छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी कुसमी गांजर महासमुंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हेमलाल यादव भवन ठेकेदार ने दी है।

### बकली में मड़ई 28 को


**सिर्री।** ग्राम बकली में 28 जनवरी रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में बलराम गोपाल नाचा पार्टी निपानी बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी अंकालू राम नगारची और शेखन साहू ने दी है।

### कोर्रा में 19 को होगी मड़ई

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 19 जनवरी को मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में छग लोक कला सांस्कृतिक कारी बदरिया का कार्यक्रम होगा। 20 व 21 जनवरी को रामायण सम्मेलन होगा। 22 जनवरी को रामराज युवा कल्याण समिति द्वारा भव्य कलश निकाली जाएगी। जीर्णोद्धार के बाद साहड़ा देवता की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

### जीजामगांव में आज से शिव महापुराण कथा

**जीजामगांव।** शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक किया गया है।



कथावाचक हलदर नाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस देव स्थापना, द्वितीय दिवस शिव कथा प्रारंभ, तृतीय दिवस शिव तत्व महात्म्य, चतुर्थ दिवस नंदी जन्म कथा, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्टम दिवस कार्तिक जन्म, सप्तम दिवस गणेश जन्म, अष्टम दिवस शिव गीता हवन की कथा होगी। आयोजन की तैयारी में शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कल

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17 जनवरी बुधवार को सुबह 11.30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा होंगी। अध्यक्षता डॉ. घनश्याम देवांगन प्रभारी प्राचार्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, राजेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, नीतू खिलावन साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, भूपेश सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत उपस्थित होंगे।

### धमतरी और सिहावा विस क्षेत्र में बची हुई है 99 लाख की निधि

# पुराने विधायकों की बड़ी राशि खर्च करेंगे अब नए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुराने विधायकों की सालाना निधि की एक बड़ी राशि आवंटित नहीं की गई थी। अब यह राशि नए विधायक खर्च करेंगे। राशि जारी होने के बाद कुरूद विधायक ने विभिन्न 8 कार्यों में पूरी राशि खर्च भी कर दी है। वहीं धमतरी और सिहावा विधायक की अनुशंसा प्रक्रिया में है। ढाई माह के भीतर उन्हें यह राशि विकास कार्यों में खर्च करनी है।

क्षेत्र के विकास के लिए जिले के तीनों विधायकों को हर साल भारी-भरकम राशि विधायक निधि के रूप में मिलती है। इस राशि को वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में खर्च करते हैं। उनके द्वारा विधायक निधि से कार्यों की अनुशंसा की जाती है।

जानकारी के अनुसार जिले के हर विधायक को 3 करोड़ रुपए मिलते हैं। वहीं प्रभारी मंत्री को 1 करोड़ की निधि जा जाती है। इन निधियों को कई किस्त में जारी किया जाता है। चुनाव से पहले इस निधि की अंतिम किस्त बाकी थी। आचार संहिता लगते ही काम पर ब्रेक लग गया। ऐसे में विधायक निधि की एक बड़ी राशि बची हुई है, जिसे अब नए विधायक खर्च करेंगे। जानकारी के अनुसार इस साल भी विधायकों को 3 करोड़ रुपए की निधि दी गई है। इसमें से पुराने विधायकों ने 1 करोड़ 97 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की अनुशंसा कर दी थी। बाकी के बचे 99 लाख रुपए नए विधायकों के हिस्से में आए हैं। इस राशि को खर्च करने के लिए विधायकों के पास काफी कम वक्त बचा है। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाएगा। इसके बाद नए सिरे से विधायक निधि जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विधायक निधि में से 4 लाख रुपए आकस्मिक व्यय के लिए सुरक्षित रखे जाते हैं। इस राशि को विभिन्न मापदंडों के अनुसार सांख्यिकी विभाग खर्च करता है।



#### समय कम, काम की होड़

विधायक निधि को खर्च करने के लिए समय काफी कम बचा हुआ है। स्थिति को देखते हुए विधायक कार्यों की अनुसंशा करने में लग गए हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को इसका फायदा हो सके। कुरूद विस चुनाव में पुराने विधायक अजय चंद्राकर को जीत मिली है। उनके पास विधायक निधि खर्च करने की प्लानिंग पहले से थी, जिसके चलते वे अपनी निधि की बाकी राशि के लिए अनुशंसा कर चुके हैं। उनके क्षेत्र पूरे में 295.99 लाख के काम स्वीकृत हो चुके हैं। सिहावा और धमतरी में नए विधायकों को मौका मिला है। वे इस निधि को खर्च करने के लिए प्लानिंग तैयार कर चुके हैं। अनुशंसा प्रक्रिया में है।

#### प्रभारी मंत्री निधि पर संशय

प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रभारी मंत्री को भी 1 करोड़ रुपए की निधि दी जाती है। पुराने प्रभारी मंत्रियों ने इस राशि में से करीब 67 लाख रुपए विभिन्न कार्यों के लिए स्वीकृत कर दिए थे। बाकी बचे करीब 33 लाख अब नए प्रभारी मंत्रियों के हिस्से में आए हैं। उधर अब तक धमतरी जिले का प्रभारी मंत्री नियुक्त नहीं किया गया है। ऐसे में इस राशि के सदुपयोग पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है।

# पीएम आवास में भ्रष्टाचार की शिकायत

### सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ 3-3 हजार रुपए लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। सोमवार को मगरलोड के ग्राम सरगी सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ कलेक्टर से रिश्वत मांगने की शिकायत हुई है।

सरगी निवासी खेमधर साहू, लीलाराम देवांगन, छगनलाल सेन, पवन कुर्रे ने बताया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में आया है। सरपंच प्रतिनिधि ने राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड लेकर बुलाया था। वह प्रति हितग्राही से 3-3 हजार रूपये ले रहा है। वे गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। रूपये देने में असमर्थ हैं। आवेदकों ने कलेक्टर से भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।



#### कलेक्टर जनदर्शन अब मंगलवार को

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जनदर्शन के दिन में फेरबदल किया है। सोमवार को लगने वाला जनदर्शन कार्यक्रम अब मंगलवार को होगा। जानकारी के अभाव में अनेक लोग कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने पहुंचे। कलेक्टोरेट पहुंचने के बाद मंगलवार को जनदर्शन होने की जानकारी मिलने से फरियादियों को मायूस होना पड़ा।

#### जिला कार्यालय में आवास के लिए कतार



जिले में हजारों लोगों को आवास की कितनी जरूरत है, इसकी बानगी सोमवार को जिला कार्यालय में फिर से देखने मिली। पिछले सोमवार को जनदर्शन में 420 लोगों ने एकल तथा सामूहिक रूप से आवेदन किया था। इस सोमवार को भी ग्राम ठेकला, नारी, सरगी सहित अनेक गांव से सामूहिक तथा एकल आवेदन कर आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# आटो पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- परेवाडीह मोड़ के पास हुई घटना

भखारा से धमतरी आ रही तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस घटना में आटो चालक की मौत हो गई। वहीं सवार एक युवक को हल्की चोट आई है।

अस्पताल पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम छुही निवासी सूरज यादव पिता अश्वनी उम्र 25 वर्ष मजदूरी का काम करता है। युवक रोजाना काम करने मकई चौक पहुंचता था। 13 जनवरी को भी युवक काम के लिये धमतरी आया था जहां से दोपहर बाद रायपुर चला गया। दूसरे दिन रविवार को युवक रायपुर से भखारा आ गया। भखारा की शराब दुकान में शराब सेवन करने के बाद युवक पैदल धमतरी के लिए निकल गया। इसी दौरान उसके परिचित धीरेन्द्र ध्रुव पिता भुखऊराम उम्र 50 वर्ष ग्राम भुसरेंगा थाना कुरूद निवासी आटो क्रमांक सीजी05 एबी 9022 को चलाते हुए भखारा से धमतरी आ रहा था, जिसे सूरज ने हाथ से इशारा कर रोककर चालक के साथ आटो में बैठकर दोनों भखारा रोड से होते हुए धमतरी की ओर बढ़ रहे थे। गति अधिक होने के कारण आटो सड़क पर लहराते हुए चल रही थी। ग्राम परेवाडीह मोड़ के पास तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस घटना में चालक धीरेन्द्र ध्रुव आटो के नीचे दब गया। वहीं उसके बाजू में बैठा सूरज दूर फेंका गया। आसपास के लोगों ने आटो को उठाकर खड़ा किया। हादसे में चालक धीरेन्द्र बेहोश पड़ा था। वहीं सूरज को हल्की चोट आई है। संजीवनी 108 की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद आटो चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद सूरज को छुट्टी दे गई।



# उठाव में सुस्ती, भंडारण हुआ कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस साल किसानों को खाद संकट से जूझना न पड़े इसके लिए पहले से खाद का भंडारण शुरू कर दिया गया था। इसके बाद भी जरूरत का 50 प्रतिशत रासायनिक खाद भी स्टोर नहीं हो पाया है। उधर किसान भी उठाव में सुस्ती बरत रहे हैं।

इस साल कृषि विभाग ने धान को अपनी प्लानिंग में जगह नहीं दी है। उन्हारी के हिसाब से कृषि विभाग ने तैयारी की है। खाद-बीज का भंडारण भी इसी हिसाब से किया जा रहा है। उधर किसान कृषि विभाग की प्लानिंग के विरूद्ध धान लगा रहे हैं। जहां पर किसान धान की फसल ले रहे हैं वहां पर करीब 25 प्रतिशत रोपाई का काम भी हो चुका है। ऐसे में किसान इस बार खाद संकट से जूझ सकते हैं। वैसे तो कृषि विभाग ने खाद भंडारण के लिए पर्याप्त लक्ष्य रखा है लेकिन भंडारण लक्ष्य से काफी कम हुआ है। स्थिति देखें तो जिले में 12500 टन यूरिया भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से मात्र 5 हजार 712 टन ही स्टोर किया जा सका है। इसी प्रकार डीएपी के लिए 5500 टन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 2209 टन का भंडारण हुआ है। एसएसपी 4600 के विरूद्ध 2335 टन, एनपीके 5500 टन के विरूद्ध 1124 टन भंडारित हुआ है। केवल पोटाश एक ऐसा खाद है जो लक्ष्य से से ज्यादा स्टोर हो चुका है। कृषि विभाग ने 1000 टन पोटाश स्टोर करने का लक्ष्य रखा है, इसके विरूद्ध1107 टन स्टोर हो चुका है।



#### 752 टन खाद का उठाव

जैसे-जैसे उठाव होता है, वैसे-वैसे भंडारण में तेजी आती है लेकिन इस साल किसान खाद के उठाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार किसानों ने मात्र 231 टन यूरिया, 198 टन डीएपी, 74 टन एसएसपी, 29 टन पोटाश और 220 टन एनपीके का उठाव किया है। स्थिति देखें तो कृषि विभाग ने सभी खाद को मिलाकर 29100 टन खाद का भंडारण का लक्ष्य रखा है। इसमें से 12487 टन का भंडारण हुआ है। उठाव मात्र 752 टन ही हुआ है।

# विवेकानंद वार्ड में हाईवा चलने से परेशानी वार्ड पार्षद ने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वामी विवेकानंद वार्ड के पार्षद ने वार्ड से गुजरने वाले हाईवा पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि स्वामी विवेकानंद वार्ड में हाईवा वाहनों के चलने से लोगों को परेशानी हो रही है। अस्पताल होने के कारण मरीज तथा मोहल्ले में खेलते बच्चों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सोरिद, जोधापुर जाने के लिए भी इस मार्ग का उपयोग हाईवा चालक कर रहे हैं। पार्षद ने वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।



# सरगी की महिला समूह ने नशे के खिलाफ खोला मोर्चा

- गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को दिए ज्ञापन में नशामुक्त गांव बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंदी में खुलेआम बिक रही अवैध महुआ शराब के खिलाफ महिला समूह ने मोर्चा खोला है। सोमवार को जय महाकाली शक्ति महिला नशामुक्ति समूह ने गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध तथा शांति व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी की मांग की है।



जय महाकाली शक्ति महिला नशामुक्ति समूह की कुलेश्वरी, अनीता, लता, उषा बाई, भुनेश्वरी, दशोदा, हरेलिया, उर्मिला, रेवती, रामबाई, डेमिन, खेमलता ने बताया कि गांव में जगह-जगह अवैध कच्ची शराब महुआ का खुलेआम विक्रय हो रहा है। पढ़ने वाले बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं। नशेड़ी आये दिन गाली-गलौज करते हैं। नशे में धुत लोग अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। गांव में नशा, जुआ, सट्टा दिन-रात चलता है। उन्होंने बताया कि नशामुक्ति के उद्देश्य से महिला समूह का गठन किया गया है। नशा और जुआ का कारोबार करने वालों पर कठोर कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। समूह ने गृहमंत्री से मांग की है कि समूह के नशामुक्त गांव बनाने के उद्देश्य को पूरा करें।

### दुगली व नगरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# बाइक सवार से मोबाइल व नकदी लूटने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाइक सवार से मारपीट कर उसका मोबाइल व नकदी लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार लच्छन सिंह महिलांग पिता हीरालाल उम्र 50 वर्ष ग्राम गट्टासिल्ली थाना दुगली निवासी 3 जनवरी को नगरी स्कूल में काम निबटाने के बाद शाम को अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम तालपारा पुलिया के पास तीन अज्ञात युवकों ने लच्छन को रूकने के लिये इशारा किया। रूकने पर तीनों लच्छन के साथ झूमाझटकी व मारपीट करने लगे, जिससे वह अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिर गया। मौके का फायदा उठाते हुए तीनों अज्ञात युवक उसकी जेब में नकदी 4 हजार व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। घटना के दूसरे दिन पीड़ित ने दुगली थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 394, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दुगली व नगरी पुलिस की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर तीनों संदेहियों के हुलिया के आधार पर मुखबिर अलर्ट कर दिया। मिले साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की नगरी व दुगली, गट्टासिल्ली के आसपास तलाश की जा रही थी। इस दौरान रविवार को संदेहियों को नगरी से पकड़कर पूछताछ की गई। इस दौरान संदेहियों ने अपना नाम महेश कुमार ध्रुव, आकाश ध्रुव व दिगेन्द्र किरण बताया। 3 जनवरी को ग्राम तालपारा पुलिया के पास बाइक सवार लच्छन से मारपीट कर पैसे व मोबाइल लूट लेना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के 1 हजार रूपये बरामद किया। बाकी का रूपये खर्च करना बताया। वहीं पुलिस ने आरोपियों से लूटे गये मोबाइल व घटना में उपयोग की गई मोटर साइकिल को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी महेश ध्रुव उर्फ सावन पिता मानसिंग उम्र 23 वर्ष निवासी लाइनपारा नगरी, आकाश ध्रुव उर्फ माया पिता कृष्ण कुमार उम्र 26 वर्ष साकेत वार्ड जंगलपारा नगरी व दिगेन्द्र किरन पिता अमृतलाल 26 वर्ष लाइनपारा नगरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने में दुगली प्रभारी डीएसपी प्रशिक्षु सुश्री विकेश्वरी पिन्दे, एएसआई प्रकाश नाग, प्रआ सतेन्द्र दीक्षित, आरक्षक गहेश्वर नेताम, नगरी थाना से एएसआई मोहन निषाद, तानसिंह साहू, आरक्षक योगेन्द्र साहू, धरमवीर राजपूत व साइबर सेल से आरक्षक योगेश ध्रुव का सराहनीय योगदान रहा।



### जहर पीने से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** मानसिक बीमारी से पीड़ित एक अधेड़ ने अपने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दूजराज सिन्हा पिता झाड़ूराम उम्र 60 वर्ष ग्राम किकिरमेटा थाना जीजामगांव आर निवासी के दायें पैर में दो साल पहले जख्म हो गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टर ने आपरेशन कर पैर को घुटने के नीचे से काटा था। पैर कटने के बाद से वृद्ध का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। रविवार को सभी परिजन काम करने खेत चले गये थे। वृद्ध घर पर अकेला था। इसी दौरान वृद्ध ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान वृद्ध की सोमवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### मुरा में मड़ई आज

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुरा में 16 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मयारू मोर लाटाबोड़ जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी तोरण साहू बाजार ठेकेदार ने दी है।

### अजय बने समाज अध्यक्ष

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा में सर्वसम्मति से साहू समाज के नवीन पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष अजय साहू, उपाध्यक्ष राजेश बर्मन, कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार साहू, सचिव राधेलाल साहू, सहसचिव भागवत राम साहू, संरक्षक सोनूराम साहू चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में 14 लोगों को शामिल किया गया है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष डॉ घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष डॉ लीलाराम साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गंभीर साहू, सहसचिव नंदकुमार साहू, संरक्षक यादोराम साहू ने निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

### भखारा में 25 को शाकंभरी जयंती एवं छेरछेरा महोत्सव

**अंवरी।** कोसरिया पटेल (मरार) समाज भखारा में मां शाकंभरी जयंती एवं छेरछेरा महोत्सव की तैयारी चल रही है। नगर भखारा मरार समाज प्रमुख सियाराम पटेल ने बताया कि मां शाकंभरी मरार समाज की ईष्ट देवी हैं। इस वर्ष भी भखारा में मां शाकंभरी जयंती एवं छेरछेरा पर्व पर कलश यात्रा, हवन-पूजन, मरीजों को फल वितरण, खेलकूद, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, मानसगान का शुभारंभ, पटेल समाज के आपदा में खोए हुए परिवारजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। यह जानकारी भखारा मरार समाज के युवा अध्यक्ष यशवंत पटेल ने दी है।

### दो वर्ष का बोनस मिलने से किसानों में हर्ष : विजय

**मगरलोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर किसानों को भरोसा कायम है। दो वर्ष का बोनस मिलने से राज्य के किसानों में खुशी है। भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत



पक्का मकान, स्वच्छ भारत योजना के तहत हर घर शौचालय, धुआं मुक्त रसोई योजना के तहत गैस चूल्हा का वितरण, जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मातृत्व वन्दना के तहत प्रत्येक विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए उनके खाते में डाला जायेगा। यह योजना भी जनहित में शामिल है। राज्य के किसानों को भाजपा पर भरोसा है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
मो. 9174466336

### सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, आयोजित होंगे जागरुकता कार्यक्रम

# पुलिस ने निकाली हेलमेट जागरुकता रैली





हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने सड़क सुरक्षा माह के तहत हेलमेट रैली निकालकर लोगों को सड़क नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

जिले में 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को हेलमेट जागरूकता रैली निकालकर किया गया। एसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देशन में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिये रैली का आयोजन किया गया। एसपी द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर शहर भ्रमण के लिये रवाना किया गया। यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्राकर के नेतृत्व में यातायात जागरूकता माह के प्रथम दिवस गांधी मैदान से जागरूकता रथ एवं हेलमेट रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि बाइक व कार चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट कितना आवश्यक है। एक्सीडेंट के ज्यादातर मामलों में 80 से 90 प्रतिशत मृत्यु हेलमेट नहीं लगाने व सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने के कारण से होती है। शुभारंभ अवसर के दौरान एसपी प्रशांत ठाकुर ने कहा कि जले में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने जागृत करता है। जिले की पुलिस पूरे माह सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिये प्रोत्साहित करेगी। एसपी ने कहा कि हम सभी को यातायात नियमों का पालन करने चाहिये ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिये हाइवे पेट्रोलिंग की टीम 24 घंटे मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। जागरूकता रथ व हेलमेट रैली नेशनल हाइवे सहित शहर के मुख्य चौक व सदर बाजार मार्ग का भ्रमण कर लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता का संदेश दिया।

#### रैली में समाजसेवी व अधिकारी रहे शामिल

हेलमेट जागरूकता रैली में डीएसपी मुख्यालय सुश्री नेहा पवार, यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्राकर, कोतवाली प्रभारी बृजेश तिवारी, निरीक्षक सुन्नी दुबे, एसआई खेमराज साहू, एएसआई चंद्रशेखर देवांगन, रामकृष्ण साहू, बोधन ध्रुव, सुरेश नेताम, रामावतार राजपूत एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गजानन साहू, समाजसेविका जानकी गुप्ता, रक्तदान एम्बुलेंस सेवा संस्थान से शिवा प्रधान, आकाश गिरी गोस्वामी, शिक्षक श्री साहू, पूर्व सैनिक लोकेश साहू, जिला नेहरू कल्याण संगठन समन्वयक भूपेन्द्र मानिकपुरी सहित यातायात व पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# उन्नत कृषक अरुण को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांकरा




छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ मुख्यालय खपरी (कुम्हारी) जिला दुर्ग में किसान मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित मंत्री ओपी चौधरी, विशेष अतिथि डायरेक्टर आफ हार्टिकल्चर छत्तीसगढ़ शासन थे। किसान मेला में प्रदेश भर के युवा किसान शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्नत कृषि के लिए सिहावा विधान सभा क्षेत्र के युवा किसान अरूण कुमार सार्वा को विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

कृषि क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने पर विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक द्वय पिंकी शिवराज, श्रवण मरकाम, हरीश साहू, नोहर पटेल, रूपेश साहू, मिथिलेश कुमार साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नोटरी ने शराब के नशे में हवलदार से की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड



न्याय के मंदिर में अपराधी को सजा और निर्दोष को न्याय दिलाने वाले व्यक्ति द्वारा आपराधिक कृत्य करने से न्याय का मंदिर शर्मशार हो रहा है। नोटरी अधिवक्ता द्वारा शराब के नशे में ऑन ड्यूटी हवलदार से गाली-गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। थाने से मिली जानकारी अनुसार 8 जनवरी को ऑन ड्यूटी हवलदार रिपोर्ट लिखाने आए महिला पुरूष पीड़ित पक्ष का बयान ले रहा था। उसी समय नगर के नोटरी शराब के नशे में अपने भतीजे के साथ थाना आया। पहुंचते ही ऑन ड्यूटी हवलदार से अभद्र गाली- गलौज करना शुरू कर दिया। इससे हवलदार के सब्र का बांध टूट गया और उसे जोर से थप्पड़ लगाया। इससे थाने में अफरा-तफरी मच गई। नशे की हालत में रहने पर नोटरी अधिवक्ता का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। थाने में घटित घटना से नगर में सनसनी फैल गई। ऑन ड्यूटी हवलदार से गाली गलौज करना नोटरी अधिवक्ता को महंगा पड़ गया। हवलदार एफआईआर दर्ज करवाना चाह रहा था। इसी बीच अधिवक्ता के परिवार व उनके दोस्तों द्वारा माफी मांगने पर आपसी समझौता किया गया। ज्ञात हो कि कुछ माह पहले इसी अधिवक्ता ने चेंबर में बैठे तहसीलदार को देख लेने की धमकी भी दी थी। न्यायालय की मर्यादा का उल्लंघन कर न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के साथ धमकी भरे शब्दों का उपयोग करना व्यक्ति की उदंडता को प्रदर्शित करता है।

## महिलाएं अपने पति का सदैव सम्मान करें : अन्नपूर्णा पुरी





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीजामगांव

ग्राम कचना में ग्रामवासियों एवं जन जागरण सत्संग समिति के तत्वावधान में श्री बेल पत्र शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। कथा वाचिका श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा पुरी निरंजनी अखाड़ा उज्जैन ने अपने कथा प्रसंग में बताया कि सभी नारियों को माता सती से सीख लेनी चाहिए। अपने पति का सदैव सम्मान करना चाहिए। अपने पति को हठपूर्वक किसी भी बात को मनाने का प्रयास स्त्रियों को नहीं करना चाहिए। पति के रुख को देख कर व्यवहार करना चाहिए। व्यास पीठ से साध्वी अन्नपूर्णा पुरी ने शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का अपनी सुमधुर वाणी से श्रोताओं को रसपान कराया। कथा श्रवण करने के लिए अंचल के लोग पहुंच रहे हैं।

# खेल भावना से खेलें, हार जीत लगी रहती है: अंबिका

- बेलरगांव स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में 11 से 13 जनवरी तक शालेय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेंद राम मरकाम सरपंच बेलरगांव ने किया। एसएल कश्यप प्राचार्य ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, यशकरण पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति थे। अतिथियों ने प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल संपन्न हुए। दूसरे दिन युवा दिवस पर बौद्धिक कार्यक्रम हुआ जिसमें निबंध लेखन विषय अमृत काल का भारत, चित्रकला विषय छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्कृति, तात्कालिक भाषण, वाद विवाद विषय अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता पर पक्ष और विपक्ष में छात्रों ने अपने विचार रखे। तीसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। एकल, युगल, सामूहिक नृत्य और शिक्षाप्रद प्रहसन प्रस्तुत कर छात्रों ने दर्शकों का मन मोहित किया। समापन अवसर की मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक थीं। विशिष्ट अतिथि दौवालाल देवांगन, कैलाश नाथ प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, श्रीमती मीना बंजारे जिला पंचायत सदस्य, प्रमोद कुंजाम जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज थे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं की विभिन्न गतिविधियों की सराहना कर उनकी उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पोखराज कश्यप उपसरपंच बेलरगांव, उमेश कुमार साहू सांसद प्रतिनिधि, चंद्रशेखर आडिल, कोमल सोरी, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता बीएन सिंह, आरके देवांगन, एनसी सोम, केएल साहू, यूके नाग, जेएस नेताम, टीआर साहू, हर्षवर्धन सिंह वर्मा, चेतन ऊन्दे, पीडी कुलटेश्वर, विकास कोसारिया पीटीआई, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एसके नेताम, सहायक कार्यक्रम अधिकारी एमएन साहू, श्रीमती डीएन कश्यप, श्रीमती भारती साहू, सुश्री भारती मालेकर सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और एनएसएस, स्काउट गाइड, ईको क्लब के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कुलेश्वर महादेव से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली मांगी

# विधायक चंद्राकर ने लोमश ऋषि आश्रम में किया झाड़ू पोंछा





- कहा : धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करें, यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

भाजपा ने रविवार से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए मंदिरों में साफ सफाई की। प्रदेश पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने जिले के लोमश ऋषि आश्रम में झाड़ू पोंछा कर अभियान की शुरूआत की। वहीं राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान श्री चंद्राकर ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर मंदिर या किसी भी संप्रदाय के धार्मिक स्थल पर उसकी स्वच्छता सुनिश्चित करनी है। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक स्थल की सफाई की जा रही है। मैंने भी अपने विधानसभा के ग्राम बुड़ेनी के समीप लोमश ऋषि आश्रम में श्रमदान किया। यह प्रक्रिया सतत चलती रहे यह सभी से निवेदन करता हूं। यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन होगा। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### श्रीराम युवा संगठन ने किया अक्षत का वितरण



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में संचालित श्रीराम युवा संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अयोध्या से आए अक्षत का वितरण घर-घर जाकर किया गया। भगवान श्रीराम के जयकारे और भजन गाते हुए अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की तस्वीर सहित आमंत्रण पत्र प्रदान करते हुए 22 जनवरी को दीए जलाकर महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष घनश्याम पटेल, संरक्षक रोहित निर्मलकर, सुरेश सार्वा, सितेश्वर सिन्हा, देशांत सिन्हा, चंद्रकांत देवांगन कोषाध्यक्ष, रोशन विश्वकर्मा सचिव, कलीराम ध्रुव, जागेश्वर सिन्हा, संजीव साहू, राधेरमन, श्यामलू साहू का सहयोग रहा।

### भक्तों ने घर-घर जाकर दिया राम मंदिर का आमंत्रण



**बगदेही(धमतरी)।** रविवार को ग्राम बगदेही में रामभक्त प्रत्येक हिन्दू परिवार में पहुंचकर अयोध्या में राम मंदिर प्रभु रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने पहुंचे। 22 जनवरी को लोगों से घरों में, मंदिरों में सामूहिक महाआरती, राम स्तुति करने की अपील की जा रही है। ग्रामीण कामता साहू ने बताया कि राम मंदिर को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 3 दिनों तक चलेगा। गांव में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में संतोष निर्मल, ओम सुल्लेरे, मोनू निर्मलकर, महेंद्र साहू, जितेश सहित युवा जुटे हुए हैं।

### खेल में भी युवा बना सकते हैं करियर : लक्ष्मी ध्रुव



**नगरी।** ग्राम पंचायत घठुला के बड़े पारा में मकर सक्रांति पर्व पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा थीं। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि खेल के माध्यम से युवा जागरूकता का परिचय दे रहे हैं। हर व्यक्ति के लिए व्यायाम जरूरी है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। खिलाड़ी भावना का परिचय देते हुए खेल को खेलना चाहिए। किसी को क्रिकेट में, किसी को फुटबॉल में तो किसी को कबड्डी में रुचि है। हमें खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल में भी युवा अपना करियर बना सकते हैं। खेल में हार-जीत लगी रहती है। हारने वाली टीम को अपनी कमियों में सुधारकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच राजू सोम, घनश्याम सोरी, लीलाधर साहू, चंद्रप्रकाश कश्यप, ईश्वर पवार, रुद्रप्रताप नाग, नरोत्तम साहू, हलाल, पुनारद मरकाम, कुंजबिहारी कोराम, जितेंद्र वीर कश्यप, झमन साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अंवरी।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला के स्कूली बच्चों को अनेक धार्मिक स्थलों का दर्शन कराकर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूली बच्चों को झलमला स्थित गंगा मैया, डोंगरगढ़ की बम्लेश्वरी मां व राजनांदगांव स्थित बर्फानी धाम के पाताल भैरवी मंदिर का दर्शन कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य हितेंद्र साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराने से मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। बच्चे धर्म के प्रति आस्था व निष्ठा रखते हैं। मौके पर शिक्षक राजेश दुबे, झानेंद्र साहू, शिक्षिका कुलेश्वरी साहू, डिलेश्वरी साहू, तृप्ति सिन्हा, चित्ररेखा साहू समेत स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### निधन : मनीष अग्रवाल



**धमतरी।** अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मनीनगर गुजराती कालोनी निवासी मनीष अग्रवाल का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार को निवास स्थान से सुबह 10 बजे शांतिघाट के लिए निकलेगी। वे अजय अग्रवाल सीए, संजय अग्रवाल के छोटे भाई एवं स्व. गोपालदास के छोटे पुत्र थे। उनके निधन पर समाजजनों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ अक्षय वैद
MS,MCh, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
19 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश
MD,DM Interventional Cardiologist
20 जनवरी 2024 शनिवार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### सोरिद में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी



**धमतरी।** वार्डवासियों के सहयोग से भरींपारा सोरिद वार्ड में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजित है। भगवतार्य पंडित मनोज दुबे सोरिदवाले सप्ताह भर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का जीवंत व्याख्यान सुना रहे हैं। भागवत मंडप में यजमान सुग्री-महरू राम विश्वकर्मा एवं जोहन फूटान-श्याम फूटान हैं।

### छात्रहित में पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद विषयवार हो : फेडरेशन



**कुरूद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों के सेवाकालीन मुद्दों पर ज्ञापन दिया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं दयालुराम साहू जिला अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ज्ञापन के मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है। सहायक शिक्षक पद पर प्रथम नियुक्त हुए शिक्षकों को त्रिस्तरीय समयमान वेतन स्वीकृति का ज्ञापन संगत पक्ष सहित प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि तकरीबन 751 शासकीय विद्यालयों का निजीकरण कर सेजस विद्यालयों में परिवर्तित किया गया है जिसका संचालन एक समिति कर रही है जिसके अधीन प्रतिनियुक्ति में शिक्षक-कर्मचारी कार्यरत हैं जो अनुबंध का उल्लंघन है। इन विद्यालयों स्वीकृत पदों को समाप्त कर आबंटन मद से वेतन दिया जा रहा है। सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक-कर्मचारियों को गैर-सेजस स्कूलों में पदांकित कर फाइनल पेमेंट हो रहा है। उन्होंने छात्रहित में पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद विषयवार भरने की भी अपील की है।

### बेटियों ने दिया पिता की अर्थी को कंधा



**सिर्री।** ग्राम गोजी निवासी कोमल सेन 50 वर्ष का निधन 14 जनवरी रविवार को हो गया। उनकी 9 बेटियों ने अपने पिता की अर्थी को कंधा किया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में ही किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे चांदनी, रिंकी, सीता, भारती, रेणुका, कविता, रानी सेन और कपिल सेन के पिता थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### विजयलक्ष्मी ने प्रावीण्य सूची में बनाई जगह



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की छात्रा विजयलक्ष्मी सिन्हा पिता यशवंत सिन्हा एमए राजनीति विज्ञान ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की प्रावीण्य सूची में 9 वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. डी.आर. चौधरी ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### युवा दिवस पर भोथली स्कूल में हुई रंगोली प्रतियोगिता



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में कई कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रामटेके ने कहा कि विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। शिकागो में दिये गये भाषण को आज भी याद किया जाता है। स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर लक्ष्य गीत गाया। रंगोली, फुटबॉल रस्साखींच, दौड़ आदि खेल प्रतियोगिता हुई। नासिक में आयोजित युवा उत्सव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की शक्ति का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू ने किया। मौके पर शिक्षकगण एलएन साहू, धनंजय सोनकर, रामशरण मिश्रा, डोमन ध्रुव, गोपेश साहू, रामानंद साहू, रेणुका ध्रुव, रेखा देहारी, स्वाति सोरी, दीप्ति शुक्ला, उमेश दास, शैलेंद्र, तिलक दास, प्रदीप, युक्ति, डामिन, पुष्पलता, खुशी, पूनम, पायल, योगमाया, शशि, नमिता, ईशा, दीपा, पंकज, रूपेंद्र, राहुल उपस्थित थे।

### विवेकानंद ने पूरे विश्व को आध्यात्म का संदेश दिया

**धमतरी।** रत्नाबांधा कालेज मोड़ पास स्थित युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुविचारों का समागम रहे हैं। अपनी विचार धारा से सबको प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेश ने दुनिया के लाखों लोगों को प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया भाषण आज भी सबके बीच प्रसिद्ध है।

## गुरू गोविंद सिंह प्रकाश परब : दुर्ग से आई गतका पार्टी ने दिखाए अखाड़ा के कई करतब

# प्रकाश उत्सव पर सिक्ख समाज ने निकाला नगर कीर्तन










हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिक्खों के दसवें गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर सिक्ख समाज ने सोमवार को पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला।

नगर कीर्तन शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित गुरूसिंग सभा गुरूद्वारा से निकला जो गोलबाजार मठ मंदिर, चमेली चौक, कचहरी चौक, तहसील आफिस, नगर निगम स्कूल, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंचा। इस दौरान रास्ते भर आतिशबाजी हुई। प्रथम पंक्ति में समाज के युवा चल रहे थे। दूसरी पंक्ति में समाज प्रमुख थे। तीसरी पंक्ति में रथ पर गुरू गोविंद सिंह की प्रतिमा लगाई थी, जिसे फूलों से सजाया गया था। इसके बाद पंच प्यारे और निशान साथ-साथ चल रहे थे। पंच प्यारे और उनके निशान के सम्मान में समाज के बच्चे और युवतियां सड़क की सफाई करते हुए फूलों की वर्षा कर रहे थे। समाज की महिलाएं गुरू गोविंद सिंह का बखान करते हुए शबद कीर्तन कर रही थीं। बैंड बाजे की धुन पर निकला नगर कीर्तन आकर्षण का केन्द्र रहा। नगर कीर्तन का अन्य समाज के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

नगर कीर्तन में दुर्ग से आई गतका पार्टी अखाड़ा का करतब दिखाते चल रहा थी। इस अवसर पर सरदार सुरजीत सिंह नवदीप, जितेन्दर सिंह खालसा, रविन्दर सिंह बिंद्रा, मनजीत सिंघ छाबड़ा, जसपाल सिंघ तलुजा, रजिन्दर सिंघ देऊ, भूपेन्दर सिंघ तलुजा, गुरूमुख सिंघ खनुजा, मनजीत सिंघ अजमानी, हरजिंदर सिंघ छाबड़ा, राजेन्द्र सिंघ अजमानी, सर्वजीत सिंघ भाटिया, राजेन्द्र आनंद, सतपाल सिंघ अजमानी, अमरजीत सिंघ, अंगरेज सिंग गाले, सुरेन्दर सिंघ छाबड़ा, मोहन पाल चोपड़ा, मनोहर सिंघ छाबड़ा, बलविंदर सिंघ बग्गा, रजिन्दर सिंघ छाबड़ा, सविंदर सिंघ जुनेजा, जसविंदर सिंघ सौंध, सतपाल सिंघ छाबड़ा, गुरूप्रीत सिंघ मान, मनदीप सिंघ ढिल्लो, गुरूप्रीत सिंघ गाले, विजय सिंघ, जसप्रीत सिंघ बग्गा, सुनील लिखी सहित सभी समाजजन थे।

### झांकी में पंच प्यारे चुनाव की कथा का प्रदर्शन

नगर कीर्तन में पंच प्यारे की प्रतिमा को रथ में सवार किया गया था। इसके चुनाव की कथा में कहा जाता है कि गुरू गोविंद सिंह ने हाथ में तलवार लेकर मंच में ऐलान किया कि मुझे पांच आदमी चाहिए। उसी समय दयासिंह लाहौर, धर्मदास नागर, हिम्मत सिंह, जगन्नाथपुरी, मोहकम चंद झरका, साहिबचंद बीदर सामने आए। उन्हें तंबू में लेकर गुरूजी केसरिया बाणा पहने पांचों सिक्ख खालसा के साथ बाहर आए। गुरू साहिब और पांचों नौजवान मंच पर बैठ गए तब गुरूजी ने कहा कि आज से ये पांचों मेरे पंच प्यारे हैं। इस तरह सिख धर्म को पंच प्यारे मिले। जिन्होंने बाद में अपनी निष्ठा और समर्पण भाव से खालसा पंथ को जन्म दिया।

# आधुनिक तकनीक से धानरोपणी कार्य हुआ आसान

- अब मशीनीकरण से बदली परंपरागत खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



आज की खेती परंपरागत खेती से अलग हो गई है क्योंकि आज संसाधन काफी बढ़ गए हैं। पूरी खेती मशीनीकरण से होने लगी है जिसमें मजदूरों की आवश्यकता कम होती है। कृषि वैज्ञानिक भी मानते हैं कि आधुनिक खेती मशीनों के बिना संभव नहीं है। इससे किसानों को फायदा ही हो रहा है और इन मशीनों को सरकार द्वारा अनुदान पर दिया जा रहा है। अब धान रोपाई के लिए भी मशीन आ गई है जिसका प्रदर्शन भखारा तहसील के ग्राम सिलघट के किसान नरेंद्र साहू के खेत पर किया गया। आसपास क्षेत्र के किसानों को मशीन से धान रोपाई का डेमो दिखाया गया। मशीन द्वारा धान रोपाई करने पर प्रति एकड़ का खर्च 300 से 400 रूपए आता है। एक दिन में 6 एकड़ रोपाई की जा सकती है जिससे समय व लागत में किसानों को भारी बचत होती है। उपज में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है जिसका मुख्य कारण पंक्तिबद्ध रोपाई। इससे हवा व सूरज का प्रकाश प्रचुर मात्रा में सभी पौधों को मिलता है और दवाई डालने व गुड़ाई करने में भी आसानी होती है। मजदूर नहीं मिलने की समस्या से भी किसानों को राहत मिलती है। मशीन द्वारा धान की रोपाई कर किसानों को दिखा गया। मशीन से धान की रोपाई कम समय, कम लागत से होने से किसान संतुष्ट हुए। कई किसानों ने अपने-अपने खेतों में मशीन से धान रोपण किया।

# भखारा में अयोध्या से आए अक्षत का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा में भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या से आए अक्षत का वितरण 15 जनवरी को श्रीराम भक्तों ने बाजे -गाजे एवं जयकारों के साथ किया। साथ ही अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की तस्वीर सहित आमंत्रण पत्र प्रदान कर महोत्सव में शामिल होने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया। नगरवासियों ने बाजे-गाजे की धुन पर श्रीराम के जयकारे के साथ भगवा ध्वज धारण कर पूरे गांव में अक्षत कलश का स्वागत किया। महिलाओं ने कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया। छोटे बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की वेशभूषा में तैयार कर रैली निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल हुए विभिन्न आयु वर्ग के लोगों में भगवान के प्रति भक्ति एवं उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री राम तीर्थ क्षेत्र जागरण समिति भखारा के गिरिराज सोन, किशन साहू, रामकृष्ण नेताम, प्रवीर चन्द्र नेताम, विष्णु साहू, हरीश, दुलेश्वर साहू, दीनानाथ साहू, चुड़ामणि साहू, रामगोपाल देवांगन, खूबलाल साहू समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## सिंध शक्ति महिला संगठन ने नवनिर्वाचित सदस्यों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिंध शक्ति महिला संगठन की सदस्यों ने धर्मशाला में नवनिर्वाचित पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चंदू जसवानी, उपाध्यक्ष रामचंद्र वाधवानी, किशोर चारवानी का स्वागत किया। इस दौरान समाज में महिलाओं के योगदान, धर्मशाला निर्माण, कोचिंग कक्षा, घरेलू महिला उद्योग के बारे में पर चर्चा की। नवनिर्वाचित सदस्यों ने सभी को साथ लेकर समाज का विकास करने की बात कही। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री पार्वती वाधवानी, सचिव साक्षी वाधवानी, उपाध्यक्ष शारदा चावला, रोमा आहूजा, राखी पंजवानी, शोभा बख्तानी, रिया सोनेटा, किरण ग्वालानी, सरला डडवानी, प्रीति पिंजानी, जया चावला, संगीता वाधवानी, मोना वाधवानी, तान्या चावला, पलक सुंदरानी, प्रिया पंजवानी समेत अन्य मौजूद थे।

## छग शिक्षक कांग्रेस की राजधानी में हुई बैठक

- मांगों पर स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक रायपुर में हुई। बैठक में कई मांगों को लेकर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण से चर्चा कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एमएस भास्कर ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग शिक्षा की गुणवत्ता हेतु पुनः पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। राज्य स्तर पर प्रभारी व्यवस्था को खत्म करने के लिए संयुक्त संचालक, उप संचालक, प्राचार्य पद की पदोन्नति के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। एलबी संवर्ग के समस्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा की गणना कर क्रमोन्नति समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाय। नियमित सहायक शिक्षक को तृतीय क्रमोन्नति का लाभ दिया जाय। एक पाली में लगने वाली शाला का समय पूरे प्रदेश में एकरुपता के साथ 10:30 से 4:30 तक किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 20 वर्षो से भृत्य पदों की रूकी हुई भर्ती को तत्काल प्रारंभ किया जाय। मध्य शिक्षा सत्र में सेवानिवृत होने वाले शिक्षिकों को सत्रांत तक लाभ यथावत जारी रखा जाय। हिंदी माध्यम के आत्मानंद स्कूल को बंद किया जाय एवं अंग्रेजी माध्यम की आत्मानंद शाला का संचालन कमेटी की जगह शासन द्वारा किया जाय एवं प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था समाप्त की जाए। शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली का फार्मेट पूर्व की तरह दो पेज का रखा जाए। सेवानिवृत हो रहे प्राचार्यो की न जांच न मांग जारी करने का अधिकार संचालक लोक शिक्षण को दिया जाय। उन्होंने आगे बताया कि उपरोक्त मांगों को पूर्ण कराने के लिए शिक्षकों के समस्त संगठनों का एक संयुक्त फोरम बनाने राजधानी में बैठक आयोजित की जाएगी।

# युवा निकाल रहे राम मंदिर जागरण प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति जालमपुर वार्ड के रामभक्तों का रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में भजन कीर्तन एवं महाआरती जारी है। राम भक्तों ने बताया कि यह आयोजन पिछले 15 दिनों से निरंतर जारी है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे सनातन समाज में हर्ष है। आगे बताया कि समिति के राम भक्त बीते 1 जनवरी से प्रातः 4 बजे जागरण करके 8 बजे तक शहर के अन्य वार्डों में जाकर राम मंदिर जागरण प्रभात फेरी निकालते हैं। 22 जनवरी को राम दीपोत्सव मनाने के लिये प्रेरित कर रहे हैं।

### निबंध स्पर्धा में परमेश्वरी रही अव्वल

**धमतरी।** शा. नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में विकसित भारत-2047 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 49 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान नीतिका यादव तथा तृतीय स्थान रेखा यादव ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of

VICE-CHANCELLOR

A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

Professor, Associate Professor, Asst. Professor

Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.

Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com

Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.

Registrar

Website : www.bhartiuniversity.org

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

